हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 30 जून, 2025




# प्रबंधन ने नेताओं को दी मोटी रकम, सीएसपी को लेनदेन के ऑडियो की जांच का जिम्मा

## कंपनी के खिलाफ ग्रामीण भी एकजुट, पुलिस से सख्त एक्शन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि लगातार

फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायो फ्यूल कंपनी द्वारा इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से पानी लेने बिना अनुमति बिछाई गयी पाइप लाईन के मामले को लेकर एक आडियो के सोशल मीडिया में वायरल होते ही सियासी पारा गरमा गया है। फैक्ट्री प्रबंधन के मैनेजर और भाजपा नेत्री के बीच बातचीत के इस आडियो में भाजपा और कांग्रेस के ग्रामीण नेताओं को मोटी रकम दिए जाने के मामले के खुलासे के बाद आईजी अभिषेक शांडिल्य ने जांच के आदेश जारी कर दिए है। इस मामले की जांच का जिम्मा सीएसपी पुषेन्द्र नायक को दिया गया है। उल्लेखनीय है कि फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायो फ्यूल कंपनी द्वारा टेडेसरा से लेकर फुलझर तक बिना अनुमति पाइप लाइन बिछाई गयी है। इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से पानी लेने के लिए कंपनी ने वहां के ग्रामीण नेताओं के साथ साथ पुलिस के अधिकारियों को भी मोटी रकम दी है। भाजपा नेत्री कनक दुबे और फैक्ट्री के मैनेजर प्रदीप मिश्रा के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत में कई खुलासे भी हुए है। इस बातचीत के एक आडियो के सोशल मीडिया में वायरल होते ही खलबली मच गई है। क्षेत्र के किसानों ने पिछले दिनों कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस वीडियो की जांच की मांग की है। किसानों का कहना है कि जिन नेताओं ने फैक्ट्री प्रबंधन से मोटी रकम ली है उनके खिलाफ कार्रवाही की जाए। इधर कांग्रेस नेता जीतू मुदलियार ने भी आईजी अभिषेक शांडिल्य से मुलाकात कर जांच की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी ने जांच के आदेश जारी कर दिए है। आईजी ने सीएसपी पुष्पेंद्र नायक को पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

### नेताओं को किया जाएगा तलब

पुलिस प्रशासन द्वारा जांच के आदेश जारी किए जाने के साथ ही अब इस मामले में जिन नेताओ का नाम सामने आ रहा है उनके बयान दर्ज किए जाएगें। इसके साथ ही फैक्ट्री के मैनेजर प्रदीप मिश्रा को भी तलब किया जाएगा। पुलिस के अधिकारियों को कहना है कि इस मामले में कौन कौन लिप्त रहा है सभी की जांच की जाएगी।

### फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं

ग्राम पंचायत की एनओसी लिए बगैर ही कंपनी द्वारा करीब दो किलोमीटर तक पाइप लाइन बिछाई गई है। मैनेजर प्रदीप मिश्रा ने आडियो में इस बात को स्वीकार भी कर लिया है कि सरकारी विभागो से उन्हें कोई अनुमति नहीं मिली है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं की जा रही है।



### जांच के आदेश

मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए है। ऑडियो की जांच का जिम्मा सीएसपी को दिया गया है।
- **अभिषेक शांडिल्य**
आईजी राजनांदगांव रेंज

## गिफ्ट लेने के बहाने कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** एक नाबालिक को गिफ्ट लेने के बहाने बहला फुसला कर अपने घर ले जाकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 25 जून को रिपोर्ट दर्ज करवाया कि उसकी नाबालिग पुत्री 23 जून को 3 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है । ट्रांसपोर्ट नगर वार्ड न. 12 नीम चौक जुनाडीह रावाभाठा रायपुर से किशन रजक के कब्जे से अपहता को बरामद किया गया। अपहता के कथन में पाया गया कि आरोपी किशन रजक उम्र 18 साल 2 माह के द्वारा अपहता को गिफ्ट लेने जाना है बोलकर जिला बालोद गंगा मैया झलमला ले जाकर अपहता का मांग भरकर शादी किया एवं अपने घर ले जाकर मना करने पर भी जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है ।

### मॉय एंगल




## मोर केवाईसी एप में थंब की जगह फेस से पूरा होगी केवाइसी प्रक्रिया

# 94 हजार का ई-केवाईसी शेष, अब ऐप से भी कर सकेंगे, 30 जून तक ही मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राशन कार्ड धारकों को डिजिटल पहचान से जोड़ने के लिए जारी ई-केवाईसी की प्रक्रिया के अंतिम दो दिन शेष रह गए हैं। सरकार के निर्देश मुताबिक आगामी 30 जून तक ही यह प्रक्रिया चलेगी। उसके बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाले कार्ड ब्लॉक किए जा सकते हैं। जिले में करीबन 94 हजार ऐसे सदस्य हैं, जिनका ई-केवाईसी शेष है। हालांकि ऐसे लोगों को सुविधा देने के लिए अब मोर ई-केवाईसी ऐप भी जारी कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को डिजिटल पहचान से जोड़ने के लिए ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में जिले के 90 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों के लिए यह दो दिन का अल्टीमेटम बन चुका है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जारी निर्देशों में स्पष्ट कर दिया गया है कि 30 जून तक बिना ई-केवाईसी वाले राशन कार्ड निलंबित कर दिए जाएंगे और जुलाई से राशन वितरण रोका जा सकता है। बता दें कि ई-केवाईसी एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसमें आधार से जुड़े मोबाइल नंबर से डिजिटल सत्यापन किया जाता है। इस प्रणाली से यह तय किया जाता है कि लाभार्थी वास्तविक, जीवित और पात्र है या नहीं। इसके जरिये फर्जी, मृत अथवा दोहरे राशन कार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सूची से बाहर किया जा सकता है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया में आधार कार्ड को राशन कार्ड से लिंक किया जाता है और बायोमेट्रिक अथवा ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण किया जाता है। इससे पात्र हितग्राहियों को समय पर और उचित मात्रा में खाद्यान्न आवंटन तय हो सकेगा।

### खास बातें

- जिले में 90 फीसदी लोगों ने करा लिया अपना केवाईसी पूरा
- बगैर केवाईसी कराए नहीं मिलेगा सरकारी राशन



### तीन महीने का एकमुश्त राशन

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार जून महीने में ही तीन महीने का सरकारी राशन एकमुश्त कार्ड धारकों को दे रही है। जून में ही जून, जुलाई और अगस्त महीने के कोटे का राशन बांटा जा रहा है। ऐसे में राशन लेने के लिए दुकानों तक पहुंचने वाले कार्ड धारकों का पहले ई-केवाईसी किया जा रहा है। जिसके बाद राशन वितरण हो रहा है।

### प्रक्रिया जारी

अब तक 90 फीसदी से अधिक सदस्यों की ई-केवाईसी प्रक्रिया हो चुकी है। शेष लोगों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया जारी है। मोर ई-केवाईसी ऐप के जरिये भी घर बैठे लोग यह प्रक्रिया कर सकते हैं।
- **रविन्द्र सोनी**, खाद्य अधिकारी

### जिले में साढ़े 9 लाख मेंबर

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में करीबन 953414 राशन कार्ड सदस्य हैं। इन सभी को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इनमें से अब तक लगभग 90 फीसदी यानि 858684 सदस्यों ने अपना ई-केवाईसी करा लिया है। अब 94730 सदस्यों का ई-केवाईसी होना शेष है। इन लोगों के पास 30 जून तक अंतिम दो दिन का समय शेष रह गया है।

### मोर केवाईसी ऐप की सुविधा

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शासन ने ऐसे लोगों को ई-केवाईसी की सुविधा प्रदान करने के लिए ऐप जारी कर दिया है, जो राशन दुकानों तक नहीं जा पा रहे हैं। मोर ई-केवाईसी ऐप के जरिये ऐसे लोग घर बैठे ही अपना ई-केवाईसी कर सकते हैं, इस ऐप के जरिये फिंगरप्रिंट की जगह फेस रिकोनाईजेशन के जरिये ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

## पिकअप में कर रहे थे मवेशी की तस्करी, दो मामले में चार पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो अलग-अलग पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस ठूंस के भर कर महाराष्ट्र कत्लखाना की ओर ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने शहर के फरहद चौक में पकड़ा। पशु तस्करी के दो मामलों में 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। जिनसे 6 भैंस बरामद किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 28 जून को मुखबिर से मोबाइल से सूचना मिला कि 2 पिकअप वाहन से अवैध रूप से मवेशी भरकर दुर्ग से नागपुर की ओर कत्लखाना ले जा रहे है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से उक्त सभी भैसों का बिक्रीनामा दस्तावेज, कोई सक्षम अधिकारी से जारी किया गया दस्तावेज एवं मवेशियों को परिवहन हेतु को अनुज्ञा पत्र पेश करने हेतु नोटिस दिया गया। जो कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिया गया। आरोपीगणों से जप्त मवेशी एवं वाहनों को जब्त कर ।आरोपियों का कृत्य धारा पशु क्रूरता अधिनियम का पाये जाने से थाना लालबाग में पृथक पृथक धारा 4, 6, 10 छ.ग.कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नफीस खान उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम आष्टा जिला सिवनी मध्य प्रदेश, सोहेब खान उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम आष्टा जिला सिवनी मध्य प्रदेश, सुजीत लाल मसीह उर्फ छोटू उम्र 35 वर्ष साकिन धमधा जिला दुर्ग , फिरोज खान उम्र 22 वर्ष साकिन धमधा जिला दुर्ग को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**पुलिस चेकिंग में पकड़ा गया :** सूचना पर पुलिस टीम शहर के फरहद चौक पहुंचकर चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग दौरान एक पिकअप वाहन सफेद रंग का बिना नंबर को जिसे रोककर चेक किया। जिसमें 4 नग भैंस कीमती 615000 रुपये का. भरा हुआ मिला एवं एक अन्य वाहन को चेक किया जिसमें 2 नग भैंस कीमती 731000रूपये भरा हुआ मिला।

## कोटे से 60 प्रतिशत कम बारिश पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बीते दो दिनों से अंचल सहित प्रदेश के अधिकांश इलाकों में मानसून एक्टिव हो गया है। पिछले 48 घंटे में ही जिले में 20 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। हालांकि अब भी मानसून का कोटा जून महिने में सामान्य से लगभग 60 फीसदी पीछे चल रहा है। हालांकि अब आंकड़ो में सुधार देखने को मिल रहा है।

इधर लगातार बारिश का दौर बना होने से तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है। अंचल का अधिकतम तापमान जहां सामान्य से लगभग पांच डिग्री कम यानि 25 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। वहीं रात का तापमान न्यूनतम तापमान भी 19 डिग्री पर आ गया है। राजनांदगांव का न्यूनतम तापमान प्रदेश में सबसे कम बना हुआ है। इधर बारिश का दौर शुरु होने से किसानों को जरुर राहत मिली है। बीते दो दिनों में हुई बारिश के बाद बोनी के साथ ही खेती की प्रक्रिया में तेजी देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक बारिश की ऐसी ही स्थिति बने रहने की संभावना है। ज्ञात हो पिछले कुछ सालों में सावन सूखा रहा है, हालांकि इस बार सावन में भी बेहतर बारिश की उम्मीदें है।

## नियमों की अनदेखी, 90 चालकों को समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर 90 वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। पुलिस द्वारा 1 जुलाई से नियमों का पालन न करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

सड़क दुर्घटनाओ से बचाव हेतु खैरागढ़ पुलिस द्वारा लगातार व्यापक स्तर पर जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, 29जून को यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा इतवारी बाजार खैरागढ़ मे छोटी, बड़ी, मध्यम वाहन चालकों को वाहनों के दस्तावेजों चेक किया गया,वाहन चलाते समय वाहन का पूर्ण दस्तावेज जैसे वाहन का बीमा, ड्रायविंग लाइसेंस,पीयूसी, फिटनेस, आरसी सहित समस्त दस्तावेजों को रखने समझाइस दिया गया।

### मालवाहक में यात्री परिवहन ना करें

दुर्घटनाओ को रोकने व मृत्युदर मे कमी लाने घायलों को गोल्ड़न आवर मे घायलों की मदद, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कर दोपहिया मे हेलमेट, चारपहिया मे सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत मे वाहन न चलाने,राहवीर गुड सेमेरिटन, हिट एंड रन, दुर्घटना मे घायलो का नगद रहित इलाज के संबंध, आवारा मवेशियों को खुले मे न छोड़ने, विशेषकर मालवाहक मे यात्री परिवहन न करने की समझाईश दी गई।

### एक जुलाई से कार्रवाई अभियान

पुलिस के अनुसार समस्त वाहनों मे 1अप्रेल 2019 के पूर्व के वाहनों मे एचएसआरपी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने समझाइस दिया. यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगा.निर्धारित मापदंड के विरुद्ध चलने वाले वाहन चालकों का नियत धाराओं मे कार्यवाही कर लाइसेंस निलंबन की आधिकारिक कार्यवाही संबंधित परिवहन विभाग को भेजकर की जा रही है । एक जुलाई के पश्चात यदि किसी भी वाहन चालक के द्वारा यातायात के नियमों का पालन नहीं किया जाएगा तो उन पर सख़्ती से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## घर से पांच सौ ग्राम गांजा जब्त एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



अवैध रूप से नशीले पदार्थो की बिक्री एवं तस्करी करने के मामले में की जा रही धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी के घर में बिक्री हेतु रखे अवैध गांजा को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस की इस कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 जून को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम नवागांव निवासी आसाराम विश्वकर्मा अपने घर मे अवैध रूप से गांजा रखा है । इस सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में पुलिस टीम के द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम नवागांव आसाराम विश्वकर्मा के घर पहुंचकर घेराबंदी कर मौके पर आरोपी आसाराम विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया । पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी जो अपने घर मे 500 ग्राम अवैध रूप से गांजा को छिपाकर रखा था एवं उसके पास से 2070 रुपए को गवाहों के समक्ष पुलिस ने बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### 70 प्रतिशत से अधिक वाहनों में यह नंबर प्लेट लगना बाकी

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर कटेगा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समय अवधि बीतने के बाद भी जिलेभर में आधे वाहनों में भी अब तक नंबर प्लेट नहीं बदले गए हैं। सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए अभियान भी चलाया गया, शिविरों का आयोजन भी किया गया। वहीं आरटीओ में भी शिविर के माध्यम से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए पंजीयन किया जा रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी वाहन चालक स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, लेकिन अब तक महज 30 प्रतिशत वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदला गया है। अब यातायात विभाग द्वारा नंबर प्लेट नहीं बदलने वाले वाहनों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 1 अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए सभी वाहनों के नंबर प्लेट बदलकर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने हैं। इस नंबर प्लेट से वाहन चोरी जैसी घटनाएं रूकेगी और एक क्लिक में ही वाहन का सारा डिटेल मिल जाएगा। नंबर प्लेट बदलने के लिए 15 अप्रैल 2025 तक का समय दिया गया था। इसके बाद भी लोगों को नंबर प्लेट बदलवाने समझाईश देकर जागरूक किया जा रहा था।



### होगी चालानी कार्रवाई

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। अब तक 18 हजार वाहनों में नंबर प्लेट बदले जा चुके हैं, नंबर प्लेट नहीं लगवाने वालों पर करवाई भी शुरू की गई है।
आनंद शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी

### सही जानकारी आएगी

जिले में हजारों वाहन ऐसे हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो गया है। इस हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने पर रजिस्ट्रेशन का रिनुअल भी होगा। वहीं कई ऐसे भी वाहन हैं, जो सेकंडहैंड खरीदे गए हैं, जिसका नाम ट्रांसफर भी क्रेता ने नहीं कराया है। वहीं अब विक्रेता का भी आता-पता नहीं है। नियमों के अनुसार आरसी बुक को आधार से लिंक किया जाना है। जिससे किसी और के नाम पर गाड़ी रखकर वर्षों से चलाने वालों की सही जानकारी भी सामने आएगी।

### पौने तीन लाख वाहन

जिले में लगभग 2 लाख 70 हजार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदला जाना है, लेकिन अब तक लगभग 18 हजार वाहनों का ही नंबर प्लेट बदल गया है और लगभग 70 प्रतिशत वाहन अब भी पुराने नंबर प्लेट पर चल रहे हैं।

**चालानी कार्रवाई के साथ समझाईश :** क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं अब यातायात विभाग द्वारा नंबर प्लेट नहीं बदलने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस दौरान कुछ वाहनों पर कार्रवाई और कुछ लोगों को समझाइश भी दी जा रही है। नंबर प्लेट नहीं बदलने पर प्रतिदिन के हिसाब से चालानी कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है।



## खबर संक्षेप

### प्रवेशोत्सव में संजना सम्मानित



**मुरमुंदा।** संत प्रयाग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा की विद्यार्थी संजना सिन्हा ने आठवी में विकासखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है । गत दिनों विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रवेश उत्सव में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान सम्मानित किया। उन्हे स्कूल सचालक चंद्रशेखर श्रीवास्तव, प्राचार्य अंजना चौधरी एवं शिक्षकों में बधाई दी है।

### बिजली की आंख मिचौली से परेशानी

**मुरमुंदा।** आए दिन समय बेसमय बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान है। बिजली गुल से बैंक, अनलाइन सेंटर सहित अन्य के कार्य बाधित हो जाते है। किसानों को रोपा लगाने के लिए वर्तमान में पानी की जरूरत है। किसान बिजली के अक्सर गुल रहने से खेत में पानी नहीं पला पा रहा है। बार बार बिजली बंद होने से मोटर जल रही है। किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### लेबर यूनियन को हीरा ग्रुप ने दी मान्यता



**मानपुर।** हीरा ग्रुप रायपुर ने बोरिया में संचालित गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड खदान में कार्यरत श्रमिकों की यूनियन को औपचारिक मान्यता प्रदान की है। कंपनी प्रबंधन ने डेमोक्रेटिक खदान श्रमिक संघ को अधिकृत यूनियन के रूप में मान्यता दिया है। मोती हिरवानी को यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रबंधन ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और श्रम संबंधों में समन्वय बनाए रखने के लिए मान्यता दी गई है। मान्यता मिलने से गोदावरी माइंस में कार्यरत श्रमिकों में खुशी का माहौल है।अध्यक्ष श्री हिरवानी ने कहा कि वह मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने हीरा ग्रुप प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल बनाकर उत्पादन और प्रगति में योगदान दिया जाएगा।

### मुंबई में हेमशंकर सम्मानित



**डोंगरगांव।** उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महासम्मेलन का आयोजन गत दिनों भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह मीरा रोड मुंबई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. साहू दो दशक से सामाजिक, शैक्षणिक एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह अलवा फाउंडेशन नई दिल्ली के चेयरमैन एवं बैशखिन देवी एजुकेशन एवं हेल्थ चैरिटेबल ट्रस्ट नागपुर के अध्यक्ष हैं। डॉ साहू महिला समूहों के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देना, कृषक उत्पादक संगठनों का गठन, जैविक खेती, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा विस्तार, ग्रामीण नेतृत्व और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं।

### कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात



**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के तहत रविवार को 123 संस्करण में लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम को सुनने भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर एकत्र हुए। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमार सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा कर योग, शिक्षा एवं कृषि से जुड़ी जानकारी साझा किया।

### 18 युवाओं को मिला रोजगार



**सोमनी।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा में हास्पिटालिटी डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राओं को 45 दिन प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रोजगार मिला। अंजोरा में बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण हासिल करने से रोजगार मिल रहा हैं। युवाओं की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर फ़ूड और बेवरेज, हाउसकीपिंग, मल्टीफंक्शनल, ऑफिस असोसिएट का प्रशिक्षण दिया जाता है। छात्र-छात्राओं के विकास के लिए प्रशिक्षण में कम्युनिकेशन स्किल, स्वाफ्ट स्किल को शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रशिक्षित युवाओं का बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनादगांव में प्लेसमेंट हुआ । गत दिनों चयनित छात्राओं को ऑफर लेटर, प्लेसमेंट लेटर वितरण टेक्नीकल ट्रेनर मुरारीलाल साहू, धनेश्वर साहू, आयुषी ठाकुर, हिरमत साहू, शिवानी कंवर, सुभाष डोंगरे ने वितरित किया।

### अब नहीं दिखती गांव में गंदगी



**जेवरतला रोड।** स्वच्छाग्राही समूह की दीदियों की मेहनत से खामतराई की गलियां अब साफ नजर आती है। दीदियां सिटी बजाते हुए घर -घर जाकर कचरा इकट्ठा कर रही है। लोग अब अपने घरों में प्लास्टिक और अन्य ठोस अपशिष्ट को जमा करते हैं और स्वच्छता दीदियों के आने पर उन्हे देते है। अध्यक्ष हेमबाई साहू, सचिव मीना कश्यप, सदस्य लुमेश्वरी साहू, देवकी साहू, परमिला साहू, पेमिन साहू, सरस्वती साहू, देवकी साहू, ललिता साहू, दुकली यादव द्वारा घर -घर जाकर स्वच्छता की अलख जगा रही है।

### निधन



#### कुंजबाई साहू

**सोमनी।** ग्राम सांकरा निवासी जनपद सदस्य डुगेश साहू की माता कुंजबाई साहू पति नानक साहू का 69 वर्ष की आयु में गत दिनों निधन हो गया है। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

## डोंगरगढ़ से गोवा तक फैला जांच का दायरा

# बाबा की कुंडली खंगाल रही पुलिस, जांच का दायरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कथित योगगुरू क्रांतिकुमार उर्फ तरूण बिंदल के गोवा से लौटने के बाद उनके आश्रम में नशे के कारोबार का खुलासा होने ओर आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने के बाद पुलिस डोंगरगढ़ से गोवा तक की गतिविधियों की कुंडली खंगालने जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुलिस ने छापा मारकर कथित योग गुरू क्रांतिकुमार उर्फ तरूण बिंदल के आश्रम से गांजा बरामद किया था। गोवा में भी आश्रम होने और विदेशियों की आवाजाही को देखते हुए पुलिस अब विदेशी फंडिंग, अचल संपत्ति,अवैध कारोबार की जांच कर रही है। मामले के खुलासे के बाद शहर में चर्चा है कि पुलिस ने फार्म हाउस की कुछ गतिविधियों को नजर अंदाज कर दिया है और राजनीतिक दबाव में राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। बताया जा रहा है कि बाबा के आश्रम में जांच के दौरान मिली अनेक आपत्तिजनक सामग्री को डिस्पोज कर दिया गया है।

### विदेशों तक नेटवर्क

डोंगरगढ़ के इस योगी बाबा की गतिविधियां इन दिनों चर्चा के केन्द्र में है। बाबा का विदेशियों से संपर्क और उनके साथ किये गए दौरे को लेकर तरह तरह की चर्चा है। उल्लेखनीय है कि कथित योग आश्रम में पुलिस ने छापा मारकर गांजा बरामद किया था। इस मामले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया है। आश्रम में बरामद आपत्तिजनक सामग्री को देखते हुए आशंका है कि आश्रम में अन्य अनैतिक गतिविधियां संचालित होते रही होगी। पुलिस ने अब डोंगरगढ़ से गोवा तक बाबा की गतिविधियों की पड़ताल शुरू कर दी है।

### दस्तावेजों की जांच

एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि आश्रम में बरामद पासपोर्ट, पेनकार्ड आदि दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद कई खुलासे हो सकते हैं। पुलिस एनजीओ की भी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि योगी बाबा ने लगभग एक दर्जन एनजीओ के नाम से पैसा एकत्रित किया है। जांच के बाद फर्जीवाडे के खुलासा का दावा किया जा रहा है। वह जिन दस एनजीओ का डायरेक्टर बता रहा है उनकी पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### आश्रम में युवाओं का जमघट

पुलिस के अनुसार आश्रम में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थी।स्थानीय युवाओं की टोली आश्रम में जाकर नशीले पदार्थो का सेवन करने लगे थे। शहर के प्रभावशाली परिवारों के युवाओं का जमावडा देर रात फार्म हाउस में रहता था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बाबा आश्रम में गांजा जैसे नशीले पदार्थ रखकर पर्यटकों सहित युवाओं को नशे की गर्त में ढकेल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांती अग्रवाल मूलतः डोंगरगढ़ का निवासी है। साधारण परिवार में जन्मा क्रांति हाईस्कूल तक पढ़ाई करने के बाद गोवा चला गया था। गोवा में रिसार्ट किराए पर लेकर योग की शिक्षा देने लगा।वह विदेशों से गोवा घूमने आने वाले पर्यटकों को योगा सिखाता था। उसके आश्रम में आने वाले पर्यटकों में महिलाओं की संख्या अधिक होती थी। योगा सिखाने के नाम पर पर्यटकों से मोटी रकम वसूल करता था।

### परिजन भी जांच के दायरे में

बताया जाता है कि क्रांति कुमार परिजनों के नाम से डोंगरगढ़ और राजनांदगांव के कई बैको में खाता खोल कर लेनदेन करता है। पुलिस करोड़ो की संपत्ति की जांच करने के अलावा उनके भाई विजय कागलीवाल से भी पुछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि योग आश्रम बनाने में उनके भाई का भी योगदान रहा है।

# गांव की संचार सेवा बेहाल, 5 जी की मांग



■ संचार साधनों का उपयोग नहीं कर पा रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

पंचायत, शिक्षा सहित अन्य विभागों को आनलाईन सुविधा से जोड़ा जा रहा है परन्तु लचर संचार व्यवस्था से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में विभिन्न कम्पनी 5 जी सुविधा उपलब्ध करा रही है किन्तु ग्रामीण इस सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता भी 5 जी सुविधा की मांग कर रहे हैं। छुईखदान एवं गंड़ई के मध्य 20 किलोमीटर के दायरे में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में सबसे अधिक जियो उपभोक्ता है। इसके बाद एयरटेल, आइडिया, बीएसएनएल के उपभोक्ता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि खराब संचार व्यवस्था को लेकर बीते साल भर से परेशान है। नेटवर्क खराबी के चलते मोबाईल उपभोक्ता सहित आनलाईन सेंटर चलाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि महंगा रिचार्ज कराने के बाद मोबाईल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। छह माह से जियो का नेटवर्क खराब होने के कारण लोगों क्षमता के अनुरुप उपयोग नहीं कर पा रहे है। साल भर पहले जियो का नेटवर्क काफी अच्छा था तब मोबाईल उपभोक्ता अपनी सिम को पोर्ट कराया था।

### 6 माह से संचार सेवा का बुरा हाल

ग्रामीण क्षेत्र में करीब अस्सी फीसदी लोग इसी कम्पनी की संचार सुविधा का उपयोग कर रहे हैं। जियो का नेटवर्क भी कमजोर हो गया है और बीते छह माह से नेटवर्क इतना कमजोर हो गया गया है कि लोगों को नेट उपयोग करने के लिए घर से बाहर या छत पर जाना पड़ता है। नेटवर्क की खराबी 24 घंटे बनी रहती है। शिकायत करने के बाद भी संचार व्यवस्था दुरूस्त नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार की समस्या काल करने के दौरान भी देखा जा रहा है। कई बार मोबाईल नेटवर्क में होने के बाद में भी मोबाईल को नेटवर्क से बाहर बताता है। बात करते समय काल कट जाता है।

# गौ तस्करी करते 8 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने 17 मवेशी किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

गौसेवक से पुलिस को सूचना मिली कि कोड़का एवं बिंडोरी के कुछ लोग पशुओं को निर्दयता के साथ हाँकते हुए कत्लखाना ले जा रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गौसेवा सदस्यो के साथ गड़बंजा जीरो पुलिया के पास घेराबंदी कर 8 व्यक्तियों को 17 नग गौवंश को कत्लखाना ले जाते पकड़ा। गौ तस्करी करने वाले 8 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 4, 6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं धारा 111 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी में प्रताप वर्मा पिता ईश्वरी वर्मा, आनंद साहू पिता फंदी साहू, संतु साहू पिता कार्तिक साहू, मनहरण साहू पिता मनराखन, प्रहलाद लोधी पिता ईश्वरी लोधी, रामप्रसाद वर्मा पिता जगन्नाथ वर्मा, धनीराम साहू पिता कुमार साहू सभी निवासी कोड़का एवं शंकर सतनामी पिता कुंद देव निवासी बिंडोरी शामिल हैं।

# ब्रेकर से हो रही दुर्घटनाएं



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ से खैरागढ़ मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाएं होने और कांग्रेस के प्रदर्शन बाद थाना चौक से गैस एजेंसी, सेंटपीटर स्कूल तक आनन फानन में ब्रेकर बना दिया गया लेकिन गलत तरीके से बनाए गए ब्रेकर के कारण छोटे बडे. वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। वाहनो से सामानों के गिरने की वजह से भी घटना की आशंका बढ़ गई है। ब्रेकर के कारण कई लोग घायल हो चुके है। एक स्कुटी चालक तो ब्रेकर के कारण चार चक्का वाहन की चपेट में आ गया था जिससे स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। ब्रेकर के कारण भारी वाहन भी चपेट में आ रहे है।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ खैरागढ़ मार्ग में अछोली के पास लगभग 25 लाख की लागत से मरम्मत कराया गया था। सड़क पर अब बड़े बड़े गढढे दिखने लगे हैं। अछोली से कलकसा तक सड़क पर दर्जनों गढडे दुर्दशा को बता रहे है।

### शाला प्रवेश उत्सव आज

**सड़क अतरिया।** शासकीय स्कूल जंगलपुर एवं संकुल के तत्वावधान में कल सोमवार को ब्लाक स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा होंगी। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, ललित चोपड़ा, उपाध्यक्ष राजू जंघेल, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, सुधीर गोलछा, चमेली जंघेल, राजेन्द्र शिवहरे, शैलेन्द्र शिवहर, मनीराम धुर्वे होंगे। कार्यक्रम में छात्रों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार प्राथमिक शाला चकनार में सोमवार को प्रवेश उत्सव रखा गया है।

# दिनचर्या में योग को करें शामिल



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्टॉफ एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। उन्होंने अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के प्रारंभ के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा योग की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। योग प्रशिक्षक खिलेन्द्र कुमार सोनी ने शासन द्वारा जारी योगाभ्यास कम (प्रोटोकॉल) के अनुसार विभिन्न आसन कराया एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। प्राध्यापक डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने भी छात्राओं को योग करने प्रेरित किया।

# गायत्री परिवार ने कुआं बचाने किया दीपदान

■ नागरिकों को अवगत कराया कुओं की महत्ता से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



हरिभूमि में शहर के कुओं की दुर्दशा पर खबर होने के बाद कुंआ बचाओ अभियान शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत बीते शनिवार को पुराना बस स्टैंड स्थित कुंआ के समक्ष दीपदान किया गया। उल्लेखनीय है कि गत 13 जून ने शहर के कुओं की हालत पर विस्तार से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने बाद पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने कुआं बचाओ अभियान शुरू किया है जिसके अंतर्गत सबसे पहले साकेतधाम स्थित कुआं के समक्ष वरुण देव की पूजा की गई। आयोजन की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गायत्री परिवार के जिला प्रमुख जय प्रकाश सिन्हा ने पुराने बस स्टैंड के पुराने कुआं के दीपदान का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को कुओं की महत्ता बताते हुए सुरक्षित रखने प्रेरित किया। दीपदान में पार्षद निर्मला मालेकर, हरि मालेकर, इंदू साहू ,भोज साहू, शुभ मुटकुरे, रिंकू दुबे, घनश्याम साहू, बिसनाथ साहू , खेमराज लहरे सहित आसपास के नागरिक शामिल हुए।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया रानी दुर्गावति का बलिदान दिवस

# भवन निर्माण के लिए 50 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया



वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस समारोह में आदिम जाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। उन्होंने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना किया। मंत्री श्री नेताम शोभायात्रा में शामिल हुए।एंव जनपद पंचायत परिसर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर श्री नेताम ने पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास को 20 सीट से बढ़ाकर 50 सीट करने तथा ध्रुव गोंड समाज भवन के लिए 50 लाख देने की घोषण किया। उन्होंने समाज को नसीहत देते हुए कहा कि नशा मुक्त होकर आर्थिक रुप से मजबूत हो एवं अपने बच्चों खूब शिक्षा दें। उन्होंने बताया कि बहुत जल्दी खाद की समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से राजनांदगांव जिले मे प्रयास स्कूल बालक व बालिका की प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

### मंत्री का आत्मीय स्वागत

मंत्री श्री नेताम के आगमन पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर केन्द्रीय गोड़वाना धमधागढ़ अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने रानी दुर्गावती का जीवन परिचय एवं समाज को नशामुक्त, शिक्षित समाज बनाने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वर ध्रुवे ने किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष शेरसिंह, मोहन कोमरे, अन्नू ठाकुर, मनभावनसिंह ऊइके, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर अध्यक्ष अजय पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़पे, बीरमबाई मंडावी, अनीता मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, नपं उपाध्यक्ष भूषण नेताम, रविन्द्र वैष्णव, चंद्रिका डड़सेना, रोमी भाटिया, मंडल अध्यक्ष कामता साहू, राधेश्याम शर्मा, शेखर भारद्वाज, नैनसिंह पटेल, मायाराम साहू, हितेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### दुर्गावती के बलिदान को किया नमन

**कलकसा।** ग्राम माडीतराई में रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। गोंड समाज परिक्षेत्र कलकसा द्वारा बूढ़ादेव प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिकजनों ने रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा का अनवरण किया। इस मौके पर आयोजित सामाजिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू थी। अध्यक्षता नरोत्तम सिंह कुंजाम ने की। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, रमेश उईके, ईश्वरी साहू, फिरतू पड़ौती, अजय सिन्हा, योगेश वर्मा थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने दुर्गावती की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। इस दौरान रमेश उईके, नरोत्तम कुंजाम, किरण साहू, लता सिन्हा, ईश्वरी साहू, योगेश वर्मा ने समाजिकजनों को संबोधित करते हुए शहादत दिवस पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सविता मंडावी, मुन्नालाल, कुंभलाल पदम, जितेन्द्र उईके, रोहित मंडावी, चेमसिंह मरकाम, धर्मेश, गुमान नेताम, भगवानी मंडावी, नारद, कामता नेताम, मनोहर, छेरकु, भुनेश्वर, दिलीप साहू, लखन वर्मा, संत्री धुर्वे, पुष्पा धुर्वे, ललिता आदि मौजूद थे। कार्यक्रम आरंभ होने के पहले सुबह मुंडाटोला छुईखदान के जय सेवा मांदरी नृत्य दल ने अपना प्रस्तुति दिया। फड़ापेन गोंगो सेवा अर्जी के बाद ग्राम में कलश यात्रा निकाला गया। पूजा पाठ सेवा अर्जी कमल नारायण तथा संचालन देवलाल मंडावी ने किया।



# किसान पुत्र पढ़ेगा मेडिकल कालेज में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरमुंदा

ग्राम के एक किसान के घर इन दिनों बेहद खुशी का माहौल है जिसका कारण यह है कि इस परिवार का बेटा विशाल साहू का चयन मेडीकल कालेज में पढ़ाई के लिए चयन हुआ है। गांव का बेटा एमबीबीएस कर डॉक्टर बनने का सपना करेगा। विशाल ने 12 वीं के बाद से 3 साल तक अपने लक्ष्य को हासिल करने जुटा रहा और कड़ी मेहनत कर अपनी मंजिल तक पहुंच गया विशाल साहू के पिता शेखू साहू ग्राम प्रमुख भी है। जानकारी के अनुसार शेखु साहू के परिवार में कोई भी कर्मचारी अधिकारी नही है। विशाल ने मुरमुंदा प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला पढ़ाई के बाद संत प्रयाग स्कूल में मैट्रिक की पढ़ाई किया था। पैलोटो स्कूल डोंगरगढ़ में अध्ययन करने के पश्चात 1 वर्ष भिलाई में कोचिंग किया। विशाल को साहू समाज में सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष ने किया यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष ने जरहामहाका में 5 लाख की लागत से बनने वाले यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन किया। इसकी स्वीकृति अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से मिली है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव भी मौजूद थे। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे, सरपंच मन्नू कंवर, कुंदन बडोले, दिलीप सिन्हा, नैनसिंह पटेल, शकुन बड़ोले, टुम्मनलाल, तुलाराम सिरमौर, अरूण सिरमौर, यशवंत सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।



### गुंडरदेही में बोर खनन

**बांधाबाजार।** ग्राम पंचायत गुंडरदेही में बोर खनन की शुरूवात विधिवत पूजन कर किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच रवि नेताम, मगेश गौर, मदन कौशिक, अरुण साहू, मिनेश्वरी साहू, कैलाश सिन्हा, फुलकुंवर मंडावी, रामसागर साहू, आनंद भुआर्य, विष्णु साहू, भोलू साहू, लोकेश चौधरी, गोकुल सिंह, अमरचंद साहू आदि उपस्थित थे।



### पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

**छुरिया।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में गत दिनों प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा , नगर अध्यक्ष अजय पटेल, रविन्द्र वैष्णव, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिपं सदस्य बिरमाबाई मंडावी, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, सुरेन्द्रसिंह भाटिया, शेखर भारद्वाज, मनभावन सिंह ऊइके, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिंह पटेल, कौशल कुंभकार थे। स्वागत और शुभारंभ के बाद मुख्य अतिथि श्री बघेल ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा दे सकते है, किन्तु बच्चों को संस्कार अपने माता पिता से मिलते है। उन्होंने बच्चों से मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ पढ़ाई के लिए करने कहा। उन्होंने साफ कि मोबाइल से प्रतिभा को नहीं निखारा जा सकता। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्री डड़सेना ने संबोधित किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने अतिथियों को स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया।इस मौके पर नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक एवं छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। एक पेड मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में पौधे रोपे गए।



# भाजपा के 6 मंडल की कार्यकारिणी घोषित

- जिला भाजपा संगठन के अनुमोदन के बाद सूची की गई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपा संगठन के अनुमोदन बाद जिले के विभिन्न शहर ग्रामीण मंडलों की कार्यकारिणी मंडल अध्यक्षों द्वारा की घोषित कर दी गई। इसमें खैरागढ़ शहर मंडल में डोरेलाल वर्मा व ऋषभ सिंह, गंडई मंडल में लीलाराम साहू और रजेलाल पटेल, पांडादाह मंडल में सत्येन्द्र साहू और खेमलाल सिन्हा, साल्हेवारा मंडल में महेन्द्र यादव और मनोज अग्रवाल, छुईखदान मंडल में बलराम जंघेल और रोशन चंद्राकर, अतरिया मंडल में उत्तम वर्मा और मुकेश वर्मा को महामंत्री नियुक्त किया गया है।

### गंडई मंडल में भानुप्रताप युवा मोर्चा के अध्यक्ष

गंडई मंडल में भानुप्रताप साहू को युवा मोर्चा अध्यक्ष, तहसील पटेल को किसान मोर्चा, लेखराम साहू को पिछड़ा वर्ग, अंजली देवांगन को महिला मोर्चा, राकेश टंडन को अजा मोर्चा, कार्तिक मरकाम को अजजा मोर्चा, और मंगलचंद जैन को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष, पाडादाह मंडल में पारस पटेल को युवा मोर्चा, टामिन सिन्हा को महिला मोर्चा, छत्रपाल चौधरी को पिछड़ा मोर्चा, घनश्याम वर्मा को किसान मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह नकुल कोसरे को अजा मोर्चा, राजकुमार मंडावी को अजजा मोर्चा, मुकेश जैन को अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष, साल्हेवारा मंडल मे चमन वर्मा को युवा मोर्चा, संतोष यादव को किसान मोर्चा, मन्नू मरकाम को अजजा मोर्चा, खेमु पांचे को पिछड़ावर्ग, सकुन यादव को महिला मोर्चा, गोपी बंजारे को अजा मोर्चा अध्यक्ष, अतरिया मंडल मे केशव वर्मा को पिछड़ावर्ग, युवराज साहू को किसान मोर्गो, बीना वर्मा को महिला मोर्चा, नितेश उपाध्याय को युवा मोर्चा केशव चंदेल को अजा मोर्चा, मोहन मंडावी को अजजा मोर्चा और गौतम चंद जैन को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

खैरागढ़ मंडल में युवा मोर्चा अध्यक्ष की जवाबदारी अनीश सिंह दादू को, महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्षद देविन कोठले, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष उमेश वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ साहू, एससी मोर्चा अध्यक्ष आकेश बर्मन, एसटी मोर्चा अध्यक्ष कैलाश नागरे, और अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नितीन कोटड़िया को नियुक्त किया गया है।

# प्रशासनिक प्रशिक्षण भ्रमण : डिप्टी कलेक्टरों का सांस्कृतिक अनुभव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रशासन और कला का एकात्म इसी सोच के साथ छग प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षणरत 14 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स ने रविवार को सुप्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का प्रेरणादायक अध्ययन भ्रमण किया। लोक सेवा आयोग से चयनित अधिकारी जो वर्तमान में परिचयात्मक प्रशिक्षण में संलग्न हैं उक्त दल में शामिल थे जिन्होंने विश्वविद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक दरबार हॉल, प्राचीन राज महल, राधा-कृष्ण मंदिर, संग्रहालय, शेर गेट, दृश्यकला संकाय और आर्ट गैलरी का अवलोकन कर वहां की विरासत व संस्कृति की झलक प्राप्त की।

उनका यह अनुभव न केवल शैक्षिक रहा, बल्कि शासन में संवेदनशीलता की महत्ता को भी रेखांकित करता है।

### पाठ्यक्रमों की जानकारी से मिली शैक्षिक अंतर्दृष्टि

भ्रमण के पश्चात प्रशिक्षुओं ने कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा से शिष्टाचार भेंट की और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे, कलात्मक पाठ्यक्रमों और भविष्य की योजनाओं के बारे में व्यापक जानकारी प्राप्त की। चर्चा सौहार्द्रपूर्ण रही, जिसमें विश्वविद्यालय के विकास को लेकर उत्साहजनक संवाद हुआ। भ्रमण कार्यक्रम दौरान कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू और सहायक नोडल अधिकारी सहायक कुलसचिव विजय सिंह उपस्थित थे। चयनित अधिकारियों का यह भ्रमण सांस्कृतिक संवाद और प्रशासनिक दृष्टिकोण का संगम नजर आया जिसके चलते यह भ्रमण अध्ययन यात्रा के अलावा कला व प्रशासन के समन्वय की एक नई दिशा का संकेत भी बना। अधिकारियों का यह अनुभव निश्चित ही आने वाले प्रशासनिक दायित्वों को अधिक संवेदनशील और सृजनशील दृष्टिकोण से निभाने में सहायक सिद्ध होगा।

# दुल्लापुर में नवीन राशन दुकान का विक्रांत ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक में महामहिम रामेन डेका के गोद ग्राम पंचायत सोनपुरी के आश्रित ग्राम दुल्लापुर में नवीन राशन दुकान का उद्घाटन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। गौरतलब है कि दुल्लापुर के ग्रामीण लंबे समय से गांव में सरकारी राशन दुकान खोले जाने की मांग कर रहे थे जिसे गंभीरता से लेते हुए विक्रांत सिंह ने इस दिशा में पहल की और ग्रामवासियों को सुविधा उपलब्ध कराई जिसके चलते अब ग्रामीणों को राशन लेने के लिए दूसरे गांव नहीं जाना पड़ेगा इससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। राशन दुकान खुलने से प्रसन्न ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्हें तीन महीने का राशन एकमुश्त मिलने की व्यवस्था की गई है, जो सराहनीय है। पहले उन्हें राशन के लिए दूर-दराज के गांवों में जाना पड़ता था, जिससे समय की काफी बर्बादी होती थी, लेकिन अब अपने ही गांव में यह सुविधा मिलने से उन्हें राहत मिली है। इस दौरान हरप्रसाद वर्मा, नरेश कुर्रे, देवकुमार सेन, सीमा गुणेश वर्मा, पुनिता वर्मा, गोपी वर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का आभार प्रकट करते हुए उन्हें ग्रामीण हितों के प्रति संवेदनशील बताते हुए कहा इस कदम से ना सिर्फ दुल्लापुर के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है।

# डीपीएस की टीम सिंगापुर टूर्नामेंट में हुई शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिकाओं की बास्केटबॉल टीम 24 से 29 जून तक सिंगापुर में आयोजित एनबीए राइजिंग स्टार आमंत्रण बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भाग ली। एशिया प्रशांत देशों से 12 लड़कों और 12 लड़कियों की हाईस्कूल टीम को भाग लेने आमंत्रित किया गया है।

भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, मंगोलिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, सिंगापुर और राष्ट्रीय ए डिवीजन विजेता टीम की सर्वश्रेष्ठ हाईस्कूल टीम को भाग लेने आमंत्रित किया गया है।

जानकारी देते दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्य निर्मला सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की 12-12 देशों की सर्वश्रेष्ठ हाईस्कूल की बालक-बालिका टीम भाग ली। यह राजनांदगांव और छतीसगढ़ प्रदेश के लिए गर्व का पल है कि राजनांदगांव दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम जूनियर आयु वर्ग की विजेता टीम है। डीपीएस की टीम एकमात्र टीम है, जिसने विगत वर्ष चैन्नई में आयोजित स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमों को परास्त कर कांस्य पदक भी जीता था। श्रीमती सिंह ने बताया कि डीपीएस की बालिका टीम विगत कई वर्षों से लगातार राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता टीम है। डीपीएस की टीम डीपीएस खेलो इंडिया बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव और सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव के खिलाड़ियों से सज्जित है। सिंगापुर में भाग लेने गई टीम के मुख्य कोच कालवा राजेशवर राव व कालवा राधा राव कोच एवं मैनेजर मुन्ना लाल जायसवाल हैं। टीम में अंजली कोडापे कप्तान, अदिति कोडापे, काम्या झा, रूमी कोनवर, श्वेता सिंह, अंजनी, सोफी सिका, अनुष्का बेनर्जी, केथरिना नाजारथ एवं आर्या विजय अवारे शामिल हैं।

**आवश्यकता है**

डोंगरगढ़ शहर, अछोली, नागतराई, इंदिरा नगर क्षेत्र में 'हरिभूमि' समाचार पत्र वितरण हेतु लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं जरुरतमंद तुरंत संपर्क करें।

संपर्क : प्रकाश अग्रवाल, अनुभव न्यूज एजेंसी
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, मो. 9300963883



## सार समाचार

### तहसील कार्यालय परिसर में पौधरोपण

**राजनांदगांव।** स्थानीय तहसील कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उक्त जानकारी देते अधिवक्ता पंकज गुप्ता ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव एवं एसडीएम खेमलाल वर्मा, तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव व तहसीलदार राकेश कुमार नागवंशी, जगदीप गरचा, महेन्द्र शर्मा, एमएल साहू, बृजमोहन जोशी, शिवकुमार साहू, राजकुमार चंदेल, सुनील मिश्रा, किरीट धीवर, हेमलता पांडेय, नीतू टंडन, झम्मन देवांगन, श्रीकेश ठाकुर, नंदकुमार देवांगन, राजेश सिन्हा, महेश सिन्हा, गोपाल मानिकपुरी व अन्य नागरिकों ने तहसील कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर नीम के वृक्ष लाए। महापौर यादव ने नीम के वृक्ष की महत्ता बताते कहा कि नीम के वृक्ष जो ऑक्सीजन से परिपूर्ण होते है व वातावरण में शीतलता प्रदान करते है, जिसे बड़ी संख्या मे यहां लगाए गए है। जिससे तहसील में आने वाले नागरिकों को शुद्ध हवा व शीतलता प्राप्त हो सकेगी। उक्त जानकारी अशोक श्रीवास ने दी।



### सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

**राजनांदगांव।** सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज राजनांदगांव के आयोजक मंडल अध्यक्ष शकुन तिवारी, वंदना तिवारी, प्रभा शुक्ला, जयंती तिवारी, लक्ष्मी शर्मा व नवदुर्गा सेवा समिति अध्यक्ष संगीता मिश्रा द्वारा शनिवार को 21 बार सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा पाठ के बाद भजन संध्या व प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही आयोजक मंडल द्वारा मोहिनी एकादशी तिथि के उपलक्ष्य में समूह की महिलाओं को श्रीमद् गीता का वितरण किया गया और सभी को प्रतिदिन गीता पाठ के लिए प्रेरित किया।



महिला ब्राह्मण समाज व सनातन धर्म महासभा की जिला सचिव वंदना तिवारी ने गीता का महत्व विस्तार से बताया। सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति को बनाए रखने, समय- समय पर धार्मिक आयोजन करते रहते हैं। इस वर्ष भी श्री रामायण प्रचारक समिति गांधी चौक ब्राम्हणपारा में श्रीरामचरित मानस के मास परायण का पाठ पूरे श्रावण मास में किया जाना है। मास परायण का पाठ श्रावण चतुर्दशी पूर्णिमा को हवन-पूजन के साथ संपन्न किया जाता है।

### विस अध्यक्ष रमन ने की खुशहाली की कामना

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद संतोष पाण्डेय ने भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, दिनेश गांधी, सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनील गट्टानी, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में 27 जून को कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में मैनुअल स्कैवेंजर्स अंतर्गत मानव मल सफाई कामगारों हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की सदस्य बबीता कुलदीप द्वारा निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को रेनकोट, लॉगबूट उपलब्ध कराने एवं मृत कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की राशि भुगतान करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं तथा कमियों के निराकरण हेतु उच्च कार्यालय को पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया।



बैठक में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिक निगम राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक नगर पालिका निगम पवन कुर्रे व दीपक श्रीवास्तव, निरीक्षक थाना प्रभारी थाना-अजाक संतोष कुमार ठाकुर, जिला योजना एवं सांख्यिकी से शिवेन्द्र चंदाने, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे।

### हैंडबाल प्रीमियर में दर्जनभर टीम ने लिया हिस्सा

**राजनांदगांव।** नगर निगम हैंडबॉल संघ द्वारा विश्व हैंडबॉल दिवस 23 जून के अवसर पर राजनांदगांव हैंडबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 टीम ने भाग लिया। समापन समारोह 23 जून के किया गया एवं सभी हैंडबॉल खेल प्रेमियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शबनम अंसारी के मार्गदर्शन में साइकिल रैली भी निकाली।



प्रतियोगिता के समापन समारोह में अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण के सहायक संचालक ए. एक्का, दिग्विजय कॉलेज के खेल अधिकारी अरुण चौधरी एवं गायत्री शिक्षण समिति के सचिव गगन लड्ढा शामिल हुए। प्रतियोगियों में महिला वर्ग में असल गर्ल्स की टीम ने विजय हासिल किया। दूसरे स्थान पर वॉरियर्स गर्ल्स-पुरुष वर्ग में सुपर सेवन की टीम ने विजय हासिल किया। दूसरे स्थान पर डायनेमिक डिफेंडर की टीम, वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट महिला वर्ग में तनुजा और पुरूष वर्ग में कुणाल को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगियों के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, सचिव जयेश मुदलियार, संरक्षक रितेश देवांगन, पूनाराम यादव, प्रफुल्ल इंदौरकर, विमल शर्मा एवं संघ के सदस्य तरुण भास्कर गुप्ता, आदर्श गुप्ता, दीपक पटेल, निसार अब्बास, राहुल सोनसाकरा, अंकिता वर्मा,रोहित सिंन्हा, श्रेयांश राव ने बधाई दी।

## अब तक लगभग 40 प्रतिशत ही हुआ कार्य

# स्टेशनपारा अंडरब्रिज के लिए खत्म नहीं हो रही इंतजार की घड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेशनपारा अंडरब्रिज का निर्माण काफी धीमी गति से चल रहा है। इस अंडरब्रिज को अप्रैल 2024 में पूर्ण हो जाना था, लेकिन अब तक इसका महज 40 प्रतिशत कार्य ही हुआ है। वहीं स्टेशनपारा अंडरब्रिज निर्माण कार्य के बाद गौरीनगर अंडरब्रिज निर्माण कार्य शुरू हुआ था। यहां गौरीनगर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है और आने वाले नवंबर-दिसंबर तक यह अंडरब्रिज शुरू भी हो जाएगा, लेकिन स्टेशनपारा अंडरब्रिज से आवागमन के लिए इस क्षेत्र की जनता को अभी और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

देशभर में बिना अवरोध रेल यातायात को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर अंडरब्रिज और फ्लाईओवर निर्माण कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीते 2 मार्च वर्ष 2023 को शहर के स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर यहां पर अंडरब्रिज निर्माण कार्य शुरू किया गया। अनुबंध के अनुसार इस अंडरब्रिज को अप्रैल 2024 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन कार्य की धीमी गति और नगर निगम द्वारा पाईप लाइन शिफ्टिंग में देरी के चलते इसका कार्य लंबे समय तक बंद रहा और बीते दिसंबर माह में एक बार फिर कार्य शुरू किया गया है, लेकिन कार्य की गति अब भी तेज नहीं होने के चलते इस अंडरब्रिज के निर्माण में काफी लेटलतीफी हो रही है।



### 7 करोड़ से शुरू हुआ निर्माण कार्य

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से शुरू किया गया है। इस अंडरब्रिज के बन जाने से ओवरब्रिज के ऊपर यातायात का दबाव कम होने के साथ ही एक बड़ी आबादी को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### पहले शुरू होगा गौरीनगर का अंडरब्रिज

शहर के गौरीनगर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। यहां रेलवे ट्रैक के हिस्से का कार्य बचा है। जिसको सावधानीपूर्वक किया जा रहा है। यह अंडरब्रिज स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज से पहले शुरू हो जाएगा।

### दीपावली तक बन जाएंगे अंडरब्रिज

शहर के गौरीनगर और स्टेशनपारा अंडरब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि अंडरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग दो माह का बचा है। बारिश में कार्य प्रभावित होगा। दीपावली तक दोनों अंडरब्रिज बन जाएंगे।

### तुलसीपुर में पेडेस्ट्रियन अंडरब्रिज

तुलसीपुर मोतीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाला अंडरब्रिज पैदल मार्ग होगा। वाहनों के आवागमन के लिए इसमें बड़ी समस्या जगह को लेकर आ रही है। अंडरब्रिज निर्माण को लेकर पर्याप्त जगह नहीं होने के चलते इसे पदयात्रा मार्ग के रूप में बनाए जाने का प्रस्ताव है। अंडरब्रिज निर्माण कार्य को लेकर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि तुलसीपुर में प्रस्तावित अंडरब्रिज का जो ड्राईंग-डिजाइन है, वह पेडेस्ट्रियन सीढ़ियों वाला है। उन्होंने बताया कि हमने रेलवे के चीफ इंजीनियर से इस पर चर्चा की है कि इस अंडरब्रिज में अगर बेहतर स्लोप मिलेगा तो इसे बाइक और हल्के मोटर यान के लिए बनाया जाएगा।

### वर्षा ऋतु में होगा प्रभावित

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य वर्षा ऋतु के दौरान भी प्रभावित होगा। ऐसे में इसका 50 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण होता दिखाई नहीं दे रहा है। रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य फिलहाल एक हिस्से में ही प्रगति पर है। वहीं स्टेशनपारा की ओर दूसरे हिस्से में अभी भी कार्य शुरू नहीं हुआ है।

## बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड क्र. 45 के पूर्व पार्षद गगन आईच ने वार्डवासियों के साथ मिलकर शहर में लगातार बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं को लेकर चिंता जताते एसपी मोहित गर्ग से मुलाकात कर इस पर नकेल कसने की मांग की। श्री गर्ग से मुलाकात के दौरान गंभीर अपराधियों और आदतन बदमाशों से सख्ती से पेश आने कहा है, ताकि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे और शहर के नागरिक बेखौफ होकर जी सके।



पूर्व पार्षद श्री आईच ने बताया कि वार्ड क्र. 45 रामकृष्ण वार्ड में लगातार आपराधिक घटनाएं घट रही है। यह सिलसिला रूकने का नाम ही नहीं ले रहा। आए दिन चाकूबाजी, चोरी और सेंधमारी की घटनाएं क्षेत्र में बढ़ रही है, जिसे रोकने पुलिस प्रशासन को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अगर यह घटनाएं रोकी नहीं गई तो किसी भी दिन वार्ड के नागरिकों का गुस्सा फूटकर सामने आ सकता है। श्री आईच ने लगातार घट रही ऐसी अवांछित घटनाओं को रोकने पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की जरूरत बताई है। आदतन बदमाशों, गुंडा तत्वों और गंभीर अपराधियों के खिलाफ भी कड़ा रुख अख्तियार करने का उन्होंने सुझाव दिया है।

## तिलाई रवार क्षेत्र की जर्जर सड़क से आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कई क्षेत्रों की सड़क खस्ताहाल नजर आ रही है। बारिश पूर्व सड़कों में पेचवर्क, मरम्मत कार्य और नवनिर्माण नहीं होने के चलते लोगों को जर्जर सड़क में चलने से समस्याएं हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप टप्पा से बम्हनी-खमेरा -तिलई रवार मार्ग काफी जर्जर हो गया है। बारिश में सड़क के गड्ढे में पानी भरने की वजह से हादसों का खतरा भी बना हुआ है । जर्जर सड़क की वजह से स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी आवागमन में काफी समस्या हो रही है।

सड़क खस्ताहाल होने के चलते इस सड़क पर आए दिन दो पहिया चालक गिरकर घायल भी हो रहा है। यह सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि डामर की परत उखड़ चुकी है और अब बेस की गिट्टियां भी उखड़ने लगी है। बारिश में पानी भरने की वजह से सड़क पर गड्ढे भी बना रहे हैं । वही बारिश का पानी भरे होने के चलते दूर से गड्ढे नजर भी नहीं आ रहे हैं, जिसकी वजह से भी हादसों की संभावना बनी हुई है।



### चलना हो रहा दूभर

जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मरम्मत को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जा चुकी हैं लेकिन इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई है । अब बारिश में सड़क से चलना भी दूभर हो रहा है। जर्जर सड़क की वजह से इस मार्ग से आवागमन करने में काफी समय लग रहा है ।

### वाहन हो रहे अनियंत्रित

जर्जर सड़क को लेकर दोपहिया चालक मनीष साहू ने बताया कि पूरे रास्ते में कई जगह सड़के उखड़ी हुई है । सड़क से गिट्टियां उखाड़ने के चलते वाहन चलाने में काफी समस्या होती है और वाहन कई बार अनियंत्रित भी हो जाता है। वहीं जर्जर सड़क की वजह से दोपहिया वाहन के पुर्जे भी ढीले हो रहे हैं।

## संरक्षण का संदेश देने निकली जलयात्रा




**राजनांदगांव।** महिलाओं ने जुनून एवं जज्बे के साथ राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मनगटा, जोरातराई, मुड़ीपार में जलयात्रा निकाली। महिलाओं ने कलश लेकर गांव में भ्रमण करते जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पद्मश्री फूलबासन यादव ने सोख्ता गड्ढा बनाने श्रमदान किया तथा ग्रामीणों को सोख्ता गड्ढा बनाने प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि पानी के बूंद-बूंद को बचाने सभी को आगे आना होगा। लगातार प्रयास से हरियाली बहिनी नीर और नारी जलयात्रा एक दिन भी रूकी नहीं, चाहे गर्मी हो या बरसात हो, यह अभियान न रूकने वाला है, महिलाओं के उत्साह को देखते ऐसा लग रहा आने वाले गर्मी में परिणाम अच्छा आएगा। हरियाली बहिनी बड़ी संख्या में पौधे लगाकर उसे वृक्ष बनाने कार्य कर रही है। महिलाएं स्वयं तो पौधा लगा रही है। साथ ही दूसरे को भी प्रोत्साहित कर रही है।

इस दौरान हरियाली बहिनी अभियान के शिव कुमार देवांगन, जानिया साहू, सरपंच मनगटा बैजनाथ सिन्हा, जोरातराई सरपंच रमाकांत साहू, मुड़ीपार सरपंच मीणा साहू सहित बिहान कैडर के अलावा पंचायत टीम, महिला समूह, ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस आज करेगी सोसाइटियों का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोसाइटियों में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पाने को लेकर कांग्रेस के द्वारा खाद की समस्या के मध्य नजर प्रदेश सरकार को घेरने सोसाइटी चलो अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार 30 जून सुबह साढ़े 11 बजे, खुर्शीपार सोसायटी, दोपहर 1 बजे कसारी रुवातला सोसायटी मैं कांग्रेस किसानों के साथ प्रदर्शन करेगी। इस अभियान को लेकर कांग्रेसी पदाधिकारी ने बताया कि भाजपा सरकर किसानों के साथ धोखा कर रही है। सोसाइटी में खाद बीज वितरण करते तीन माह हो गए फिर भी किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है । जिसका विरोध करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अहवान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर सोसायटी का घेराव किया जा रहा है । इस आदोलन में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, महेंद्र यादव, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला , पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान , किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू ,नरेंद्र वर्मा, महेश सेन, जयचंद ठाकुर, पुष्पा वर्मा, आशा मंडावी,नेतराम साहू, चुम्मन साहू, शिशुपाल भारती, लता साहू ,फत्तू वर्मा, पल्टू लहरे, फिरंगी पटेल सहित कांग्रेस के जिला, ब्लॉक, जोन, सेक्टर, बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहेंगे।

## युगांतर में प्रेरक इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं वाणिज्य के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के जागरूकता और वाक कौशल पर विशेष जोर देते एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मौलिक वाक कौशल से सुसज्जित करना और उन्हें अर्थशास्त्र, प्रबंधन, विधि तथा व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे आईपीएमएटी, सीए, एसीसीए, सीएस, सीएमए, सीएफए आदि में उपलब्ध कॅरियर विकल्पों से अवगत कराना था।



इस संदर्भ में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व वाणिज्य के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्र, अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष कंचन सोहल, पीजीटी कॉमर्स दीप्ति बिंदल, रिंकी भारद्वाज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रारंभिक कॅरियर योजना, आत्मविश्वास और स्पष्ट शैक्षणिक लक्ष्य निर्धारण करने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यार्थियों को किताबों से परे जाकर सॉफ्ट स्किल्स और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने प्रेरित किया गया। विशेष रूप से अर्थशास्त्र को एक उभरते भविष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। डाटा विश्लेषण और वैश्विक विकास जैसे क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं बताई गई। प्राचार्य मधुसूदन नायर ने इस आयोजन की सराहना करते कहा कि आज के विद्यार्थियों को सशक्त करना है। युगांतर ने इस कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों को सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

यह इंडक्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों की अकेडमिक और सुनहरे कॅरियर निर्माण की यात्रा में एक सशक्त शुरूआत सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।




## सम्मेलन में शामिल होने कांग्रेस ने बनाई रणनीति

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का 7 को रायपुर आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन छत्तीसगढ़ रायपुर में 7 जुलाई को हो रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 26 जून को सतनाम भवन में वरिष्ठ कांग्रेसजनों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह में शामिल होने पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, सभी अनुसांगिक संगठन, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बूथ अध्यक्षों की आगामी दिनों में बैठक लेकर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बैठक का संचालन करते बताया कि 7 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का छत्तीसगढ़ में आगमन हो रहा है। वे रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित आमसभा में शामिल होकर कांग्रेसजनों का उत्सावर्धन करेंगे। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरुवार को सतनाम भवन में आवश्यक बैठक आयोजित कर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होने रणनीति बनाई। साथ ही कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, कुतबुद्दीन सोलंकी, डॉ. आफताब आलम, रूपेश दुबे, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने अपने-अपने सुझाव रखे। वहीं राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन ने कांग्रेसजनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने आयोजन के संबंध में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है, जो हमारे लिए ऐतिहासिक पल है। जिसको लेकर कांग्रेसजनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस सभा को विशाल जनसमूह में तब्दील करने व सफल बनाने कांग्रेसजन कमर कस ली है। उक्त सम्मेलन में पहुंचे आगामी दिनों में बैठक लेकर जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के पश्चात शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा के पिता गुरूचरण सिंह छाबड़ा, सेवादल संस्थापक लक्ष्मण सिन्हा, अमजद खान, कुंतीबाई देवांगन, कांति देवांगन को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





## खबर संक्षेप

### पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण के अभाव में गुरूद्वारा के सामने कीचड़ से लथपथ, ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट में पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत डबराभाट में विशाल गुरुद्वारा मंदिर के ठीक सामने घरों से निकालने वाली गंदा पानी की जमामड़ा होने से चौंक चौंराहे कीचड़ से लथपथ तथा आवागमन में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर रहवासियों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा पक्की नाली निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि आवागमन में राहत व श्रद्धालुओं व भक्तजनों को राहत मिल सकें। पक्की सीसी रोड निर्माण व पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में किचड़ से उठने वाली दुर्गंध व बदबू से परेशान है।

### क्षेत्र में कोचई फसल की अच्छी पैदावार



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ को कृषि प्रधान राज्य व धान का कटोरा कहा जाता है क्योंकि कबीरधाम जिले में उन्नत कृषि, खेती-किसानी के साथ सशक्कत होते जा रहे है। जिले के ग्रामीण किसान अब एक ही फसल पर निर्भर ना होकर जिले के किसान वर्तमान में अन्य राज्य हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश के किसानों जैसे एक ही खेतों पर विभिन्न प्रकार की खेती-किसानी कर अनेकों फसलों की उत्पादन कर अच्छी-खासी आमदनी को अर्जित कर रहे है। ग्राम दौजरी के किसान संतोष धुर्वे ने बताया की धान काटने के बाद गर्मी के समय पर कोचई की बीज की बुवाई की गई जो अब परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं, हल्का बारिश होने पर अब कोचई की फसल को एकत्रित एक एकड़ खेतों में 100 क्विंटल अच्दी पैदावार कर बाजार में 2200 रूपए प्रति किवंटल में बेच रहे है, जिससे किसानों की आय दोगुनी हुई है।

## कबीरधाम के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहा भोरमदेव विद्यापीठ संस्थान

# डिप्टी सीएम की पहल से सैकड़ों युवाओं को मिल रही नि:शुल्क पीएससी एवं व्यापम कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब आसान और सुलभ हो गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता से शुरू हुआ भोरमदेव विद्यापीठ संस्थान युवाओं के सपनों को पंख दे रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सीएसआर मद और दिल्ली की प्रतिष्ठित आईएएस एकेडमी के सहयोग से संचालित इस संस्थान में 200 प्रतिभाशाली युवाओं (100 पीएससी एवं 100 व्यापम अभ्यर्थी) को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है।

जहां पहले पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को रायपुर, बिलासपुर या दिल्ली का रुख करना पड़ता था, वहीं अब उन्हें अपने ही जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ शिक्षकों की मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी ने बताया कि भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग एक ऐसा संस्थान है, जहां आधुनिक तकनीकों, सुविधा-जनक वातावरण और अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा की प्रभावी तैयारी कार्यवाही जा रही है। यहां एयर कंडीशन्ड कक्षाओं, डिजिटल बोर्ड, स्मार्ट क्लासेज, पुस्तकालय और स्वच्छ कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को बड़े शहरों जैसी सुविधा और माहौल प्राप्त हो रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन दिल्ली आईएएस एकेडमी के वरिष्ठ शिक्षक प्रशांत एवं देव द्वारा किया जा रहा है, जो प्रतिदिन छह घंटे की क्लास लेकर विद्यार्थियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन दे रहे हैं। वहीं स्थानीय स्तर पर इस कोचिंग सेंटर का संचालन रूपेश मिश्रा (ब्रांच हेड) और उनके सहयोगी राकेश टंडन द्वारा कुशलता से किया जा रहा है। इस संस्थान में अध्ययनरत छात्रा चंचल ने बताया कि हम सभी विद्यार्थी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस प्रयास के लिए आभारी हैं। पहले जहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए बाहर जाना पड़ता था, अब वही गुणवत्ता की शिक्षा अपने शहर में मिल रही है। हम सब पूरे समर्पण से पढ़ाई कर रहे हैं और जिले का नाम रौशन करना चाहते हैं।

### पहले बैच के छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच के विद्यार्थी अत्यंत अनुशासित और समर्पित होकर पढ़ाई में लगे हुए हैं। उन्हें नियमित कक्षाएं, समय-समय पर टेस्ट सीरीज, करंट अफेयर्स अपडेट, साक्षात्कार की विशेष तैयारी और मोटिवेशनल सेशन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। विद्यार्थियों के बढ़ते आत्मविश्वास और उत्साह से साफ झलकता है कि निकट भविष्य में कबीरधाम जिले से बड़ी संख्या में प्रशासनिक, शासकीय और शैक्षिक सेवाओं में चयनित उम्मीदवार सामने आएंगे।

### विद्यापीठ के माध्यम से हम युवाओं को वह मंच प्रदान कर रहे हैं जहां प्रतिष्ठित पद में चयन हो सकें

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली युवा केवल संसाधनों के अभाव में अपने सपनों से समझौता न करे। भोरमदेव विद्यापीठ के माध्यम से हम युवाओं को वह मंच प्रदान कर रहे हैं, जहां से वे राज्य सेवा, पुलिस सेवा, शिक्षकीय सेवा सहित अन्य प्रतिष्ठित पदों पर चयनित होकर समाज के सशक्त स्तम्भ बन सकें। यह संस्थान आज केवल एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि कबीरधाम की प्रतिभाओं को संवारने और संजोने का केंद्र बन चुका है।

## प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला मैदान भागूटोला में शाला प्रवेशोत्सव संपन्न



■ शिक्षा सबके लिए जरूरी: ईश्वरी साहू।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मैदान भागूटोला में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पालकगण, शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का मार्ग प्रशस्त करती है। आज के ये नन्हें बालक ही भविष्य के निर्माणकर्ता हैं। शाला प्रवेशोत्सव, छत्तीसगढ़ में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत का प्रतीक है और इसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करना, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पवर्षा, मिठाई वितरण, गणवेश एवं नए पाठ्य पुस्तक और उपहार देकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों की मुस्कान और उल्लास ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। पालकों के लिए शिक्षा की महत्ता और विद्यालय से सहभागिता की प्रेरणा दी गई। उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गणेश तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह उत्सव बच्चों में विद्यालय के प्रति आत्मीयता, अभिभावकों में जागरूकता और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। आज नवीन शिक्षा को सबको अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चो को व्हील चेयर, श्रवण बाधित यंत्र का वितरण किया गया, जिसे पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस कार्यक्रम का संचालन महेश सिंह ठाकुर, संगीता साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अजय चंद्रवंशी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच चिंताराम साहू, उपसरपंच कौशल साहू, डीएमसी नकुल पनागर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी, विख शिक्षा अधिकारी अजय चंद्राकर, एपीसीवी राकेश चंद्रवंशी, शैक्षिक समन्वयक, शाला विकास समिति के सदस्य गण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## सर्वसम्मति से भूखन साहू जिलाध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शनिवार को अग्रसेन भवन कवर्धा में छत्तीसगढ़ कवर्धा जिला एग्री इनपुट यूनियन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से भूखन साहू को जिलाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। तत्पश्चात जिले के चारों ब्लॉकों से उपस्थित व्यापारी-भाइयों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया।

इस अवसर पर जिले के अनेक व्यापारी उपस्थित थें। जिनमें प्रमुखता से विजय गुप्ता, प्रिंस सलूजा, संतोष साहू , कमल कुर्रे, विजय वैष्णव, चिंताराम चंद्रवंशी, बिसेन वर्मा, संजय अग्रवाल, रिंकू जैन, गुलाल चंद्राकर, भागवत चंद्राकर, जितेंद्र कशयप, जितेन चंद्रवंशी, रफीक कुरैशी, सलीम खान, रामकुमार पटेल, शिव पटेल, राकेश साहू, मनीष वर्मा, केशव चंद्रवंशी सहित लगभग जिले से 60 व्यापारी उपस्थित थे। तत्पश्चात संघ के सभी व्यापारी उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेंटकर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंत्री ने समस्त व्यापारियों को सहयोग करने का आश्वासन प्रदान किया। वहीं नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष भूखन साहू ने बताया कि शीघ्र ही संघ की बैठक आहुत कर जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कवर्धा जिला एग्री यूनियन प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के एग्री संगठन से जुड़ा हुआ है।

## हाई स्कूल भगतपुर में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर, मिठाई खिलाकर, पाठ्य-पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कपिल चंद्राकर द्वारा बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को 82 सौ रुपए पुरस्कार राशि घोषित किया गया।
जनपद सदस्य प्रतिनिधि, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति द्वारा भी शिक्षा के महत्व, शाला अनुशासन पर प्रेरणादाई उद्बोधन दिया गया तथा उनका उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच कपिल चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि माखन चंद्रवंशी, शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, पंच उमेंद चंद्रवंशी, परमेश्वर साहू, माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, श्रीमती शकुन्तला यदु, संस्था प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता श्रीमती शकुन चंद्रवंशी, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी एवं बड़ी संख्या में पालक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सहकारी समिति में नियुक्ति के लिए सात लाख की मांग, कलेक्टर से लगाई गुहार

**हरिभूमि इंदौरी।** सेवा सहकारी समिति कृतबांधा में अवैध नियुक्ति का मामला सामने आया है, टाकेश्वर साहू ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम धनौरा निवासी धर्मेन्द्र साहू पिता विष्णु साहू ने सेवा सहकारी समिति कृतबांधा में होने वाले अवैध नियुक्तियों में हुए भ्रष्टाचार के संबंध में बिन्दुवार शिकायत की है। इसमें बताया गया है कि सेवा सहकारी समिति कृतबांधा में हुए नियुक्तियों के लिए किसी भी प्रकार का विज्ञापन व संबंधित ग्राम पंचायतों में आवश्यक मुनादी नहीं किया गया है। सेवा सहकारी समिति में रिक्त पदों की जानकारी होने पर पीड़िता ने सेल्समेन अथवा चौकीदार के पद पर काम करने के लिए सोसायटी अध्यक्ष व समिति प्रबंधक के समक्ष इच्छा जाहिर किया, तो उन्होंने इस पद के लिए समिति प्रबंधक मोहन चंद्राकर व सोसायटी अध्यक्ष बद्री चंद्राकर द्वारा 7 लाख रुपए बतौर नौकरी देने के लिए मांग किया गया। चूंकि पीड़िता गरीब परिवार से आता है। इसके चलते रकम देने में असमर्थता जाहिर किया। रकम देने से मना करने पर समिति प्रबंधक व अध्यक्ष ने अन्य व्यक्तियों से 7 लाख रुपए लेकर नियुक्ति कर दी है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले 07 वर्षो से समिति प्रबंधक द्वारा इसी प्रकार नियम विरूद्ध कई नियुक्तियां किया है, जिनमें उनके दो भाई लेखाराम चंद्राकर व पूनमचंद चंद्राकर की नियुक्यिां शामिल है। पीड़ित धर्मेन्द्र साहू ने समिति प्रबंधक व अध्यक्ष द्वारा मनमानी पूर्वक किए जा रहे भ्रष्टाचार और अवैध नियुक्तियों की जांच कर इन नियुक्तियों को निरस्त करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही समिति प्रबंधक मोहन चंद्राकर व सोसायटी अध्यक्ष बद्री चंद्राकर को तत्काल पद से हटाए जाने जिला दण्डाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में समिति प्रबंधक मोहन चंद्राकर ने बताया कि अभी नियुक्ति नहीं हुई है, शिकायतकर्ता दबाव बनाने निराधार आरोप लगा रहे है।

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कबीरधाम में नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों में आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मकता विकसित करने हेतु तथा पाठ्य पुस्तक में हुए बदलाव के सन्दर्भ में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कबीरधाम में छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में डाइट प्राचार्य टीआर साहू, वरिष्ठ व्याख्याता दिलीप चंद्रवंशी, प्रशिक्षण प्रभारी रामकुमार पाण्डेय, राज्य स्रोत ग्रुप से सुश्री आरती ठाकुर, सुमित पाण्डेय, डिस्ट्रिक्ट स्रोत ग्रुप से विरेन्द्र चंद्रवंशी, विवेक शर्मा, कांशी गोयल, मुकेश यादव एवं अन्य डाइट फेकल्टी उपस्थित थें। इस कार्य शाला में कवर्धा, पंडरिया, सहसपुर लोहरा व बोड़ला के लगभग 36 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। यह कार्यशाला प्राथमिक विद्यालयों की नई पाठ्य पुस्तकों पर आधारित है। इस सत्र कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी की पुस्तकों में बदलाव किया गया है। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर फाउंडेशन स्टेज के सुझावों के आधार पर किया गया है। इन बदलावों को शिक्षकों तक पहुंचाने के जिला स्रोत ग्रुप से वीरेंद्र चंद्रवंशी, विवेक शर्मा, कांशी गोयल, मुकेश यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति, भाषा और गणित के चार ब्लॉक, सीखने के तरीके, पाठ्यक्रम और अभ्यास पुस्तिका पर काम करने की समझ दी गई। गणित की अवधारणाओं को ईएलपीएस के माध्यम से समझाया गया। डाइट प्राचार्य टीआर साहू ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्यक्रम में नए आयाम जोड़े गए हैं।

### चार दिवसीय प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों व संकुल शैक्षिक समन्वयकों को प्रशिक्षण दिया गया

## चारों विकासखण्डों में उल्लास नवभारत साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 25 से 28 जून के मध्य चारों विकासखण्डों में प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को पृथक-पृथक दिन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी व जिला शिक्षा अधिकारी वाईरडी साहू के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह सबको प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने चारों विकासखंडों में प्रशिक्षार्थियों को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य कार्यालय द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुसार 15 वर्ष से अधिक आयु के 50000 असाक्षरों को साक्षर बनाना है। अब साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत केवल लिखने पढ़ने की दक्षता आना ही पर्याप्त नहीं है अपितु पांच तरह के जीवन कौशल में भी दक्षता हासिल करना होता है, उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, कानूनी साक्षरता एवं मतदान साक्षरता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

माह सितम्बर एवं मार्च में होने वाले महा परीक्षा अभियान के लिए जिले के लिए प्राप्त लक्ष्य संख्या 50000 को पूरा करने के लिए तत्काल सर्वे करने एवं उसे पोर्टल में एंट्री करने के विषय में भी विस्तार से बताया गया साथ ही साथ कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड में अध्यनरत बच्चों द्वारा स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में 10 असाक्षरों को साक्षर बनाए जाने पर 10 अंक बोनस के प्राप्त होने संबंधी नियम से भी अवगत कराया। ज्ञात हो कि विगत वर्ष जिले के सात बच्चों को बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में प्राप्त हो चुका है। इस प्रकार बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए यह फायदेमंद तो है ही हम इस प्रकार असाक्षरों को उनकी मदद से सुगमतापूर्वक साक्षर भी बना सकते हैं। क्योंकि कक्षा पांचवी उत्तीर्ण कोई भी व्यक्ति स्वयं से भी शिक्षक के रूप में भूमिका निभा कर इस अभियान में सहयोगी बन सकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर संजय गुप्ता, महेश सिंह ठाकुर, श्रीमती आरती सिंह, शिव कुमार बंजारे, नरेंद्र सिंह राजपूत, मिट्ठू लाल साहू, कैलाश मंडावी एवं कोमलसिंह मरकाम ने शिक्षार्थियों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया।

## शक्ति केंद्र कुण्डा में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की मन की बात का 123 वां एपिसोड भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम के प्रभारियों के मार्गदर्शन में मोदी की मन की बात सुनी। भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा नियुक्त मन की बात कार्यक्रम मे बूथ क्रमांक 184 प्रभारी कृष्णा चंद्राकर एवं बूथ अध्यक्ष रामनाथ चंद्राकर बूथ क्रमांक 186 में प्रभारी सुमन गुप्ता बूथ अध्यक्ष साहेब लाल सोनवानी तथा बूथ क्रमांक 187 में प्रभारी संतोष चंद्रवंशी एवं बूथ अध्यक्ष पन्ना लाल साहू के मार्गदर्शन में अपने-अपने बूथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 123 वां एपिसोड में 22 भाषाओं में प्रसारित हुआ, इस कार्यक्रम की शुरुआत पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता की जिक्र किया। उन्होने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है, उन्होंने तेलंगाना में दिव्यांगजनों के योग से लेकर कश्मीर में जवानो के योग तक का जिक्र किया। पीएम श्री मोदी ने तीर्थ यात्रियों की मदद करने वाले लोगों के बारे में बात करते हुए कैलाश पर्वत का जिक्र किया और कहा कि अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। उन्होंने तीर्थ यात्राओ पर जाने वाले सभी लोगों को और उनकी मदद करने वाले लोगों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर सभी बूथ कमेटी की पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

**सुविधा:** नाला में पुल बनकर लगभग तैयार, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा मार्ग के यात्रियों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा

# इस बार पंडरिया हरीनाला की बाढ़ नहीं रोक पाएगी लोगों का रास्ता?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्षो की मांग के बाद अब नगर पंचायत पंडरिया के हरीनाला में पुल बनकर लगभग तैयार हो चुका है। जिस गति से इस पुल निर्माण कार्य को अंतिम टच दिया जा रहा है उसे देखते हुए माना जा रहा है कि हर साल वर्षाकाल के दौरान हरीनाला में आने वाली बाढ़ इस बार लोगों का रास्ता नहीं रोक पाएगी और लोग वर्षाकाल के दौरान बाढ़ की स्थित में भी सुविधा पूर्ण ढंग से आवागमन कर पाएंगे।

गौरतलब है कि नगर पंचायत पंडरिया में बस स्टैंड तिग्गड़ा के पास कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा मार्ग में स्थित हरी नाला में स्थित हरीनाला में एक पुल की मांग वर्षो से की जा रही थी। दरअसल नाले में अधिक ऊंचाई के पुल के आभाव में यहां हर साल वर्षाकाल के दौरान आने वाली बाढ़ से कई-कई बार कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा मार्ग बाधित हो जाता था।

कई बार तो बाढ़ के चलते चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग कई-कई घंटों के लिए बंद हो जाता था और वाहन चालकों, यात्रियों सहित आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना कर पड़ता था। लोगों की इसी समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से शासन द्वारा पंडरिया के हरी नाला में पुल निर्माण के लिए करीब 76 लाख 29 हजार रुपए की राशि आबंटित की थी। राशि स्वीकृति के बाद विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जनवरी 2025 में पुल निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया था और महज 5 माह के रिकार्ड समय में इस पुल का निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है। सूत्रों की माने तो अभी हाल ही में इसे ट्रायल के लिए खोला भी गया था और सफल ट्रायल के बाद अब जल्द ही इसके लोकार्पण की भी उम्मीद है। माना जा रहा है कि अगर जल्द ही इस पुल का लोकार्पण कर आवागमन के लिए खोल दिया जाता है तो इस बार वर्षाकाल के दौरान हरी नाला में आने वाली बाढ़ लोगों का रास्ता नहीं रोक पाएगी।





### निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठे थे सवाल

इसमें कोई दो राय नहीं है कि क्षेत्रीय विधायक की सक्रियता के चलते ही नगर पंचायत पंडरिया के हरीनाला में वर्षो की मांग के बाद अब जाकर पुल निर्माण संभव हो पाया है। यह भी सही है कि इस पुल निर्माण का कार्य रिकार्ड महज पांच माह में लगभग पूर्ण कर अब आम जनता के लिए समर्पित किए जाने की तैयारी की जा रही है। लेकिन इन सब के बीच यह भी सत्य है कि निर्माण कार्य के दौरान पुल निर्माण की गुणवत्ता के साथ ही निर्माण कार्य के लिए निर्धारित मापदण्ड को लेकर नगरवासियों द्वारा सवाल उठाए जाते रहे हैं। बावजूद इसके पुल निर्माण कार्य शिकायतों के समाधान के बगैर ही पूर्ण करा दिया गया है। ऐसे में अब देखने वाली बात होगी कि करीब 76 लाख की लागत से बनकर तैयार किया गया यह पुल लोगों का साथ कब तक दे पाता है?



# खण्डवर्षा की स्थिति देख कोलेगांव क्षेत्र के किसान चिंतित

- अल्पवर्षा के आभाव में नहीं हो पा रही है धान की रोपाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

यह सर्वविदित है कि कबीरधाम जिला खण्डवर्षा के लिए बदनाम है। यहां वर्षाकाल के दौरान किसी ईलाके में झमाझम और अतिवर्षा देखने को मिलती है तो किसी ईलाके में पूरे वर्षाकाल के दौरान इतनी भी वर्षा नहीं हो पाती है कि किसान अच्छी फसल ले सके। जिले के विकासखण्ड पंडरिया की ही बात की जाए तो इस क्षेत्र के वनांचल ईलाकों में हर साल अच्छी वर्षा होती है लेकिन मैदानी ईलाकों में हर साल वर्षा का आभाव देखा जाता है जिसका खामियाजा किसानो को भुगतना पड़ता है। इस वर्ष भी वर्षाकाल के प्रारंभ से ही विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्रामों में अच्छी बारिश हो रही है लेकिन मैदानी ईलाकों में वर्षा का आभाव देखा जा रहा है। इस संबंध में ग्राम कोलेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव में किसानो ने हाल के दिनो में हुई अच्छी बारिश को देखते हुए धान के थरहा तैयार कर लिए हैं लेकिन अब बारिश नहीं हो रही है जिसके कारण किसान रोपा नहीं लगा पा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से भी किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो क्षेत्र में इस बार भी हो रही खण्डवर्षा को देख किसानो के माथों में चिंता लकीरे साफ दिखाई देने लगी है और किसान अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रेहूंटा सड़क हादसे के आरोपी पर अपराध दर्ज

**कवर्धा।** पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम रेहुटा खुर्द में गत 27 जून को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के मामले में अब पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस हादसे में आरोपी वाहन चालक की घोर लापरवाही के चलते दो गर्भवती महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हुआ था। थाना पंडरिया में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मोहनलाल खुटे द्वारा दर्ज अपराध क्रमांक 00/2025 के अनुसार आरोपित वाहन चालक रोहित रावत निवासी ओमप्रकाश सभासद नगर प्रयागराज उत्तर प्रदेश के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 281, 125 (ए) और 106(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### सीजी बोर्ड: पुनर्गणना के नतीजे की घोषणा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष-2025 की हाई व हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के पुनर्गणना-पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी कर दिया है। जिन परीक्षार्थियों ने पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, वे अपने परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अनुक्रमांक दर्ज कर ऑनलाइन अवलोकन कर सकते हैं।



# बारिश होते ही टपकने लगती है आंगनबाड़ी भवन की छत

## बच्चों व स्टाप को हो रही है भारी परेशानी

- ग्रामीणों ने भवन मरम्मत अथवा नवीनीकरण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में एक बार फिर से जलभराव की समस्या खड़ी हो गई।

जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र में अध्यक्षरत बच्चों के साथ स्टाप को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 का भवन काफी जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। भवन का लेंटर तो इस तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है कि बारिश होने पर बारिश का पानी लेंटर से रिसकर कमरे के अंदर टपकता है।

जिसके कारण कक्ष के अंदर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यहां बच्चों व स्टाप को बैठना मुस्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षो से भवन मरम्मत अथवा नवीनीकरण की मांग करते आ रहे है लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते हर साल की तरह इस साल भी वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में जल भराव की स्थिति समस्या खड़ी होने लगी है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से आंगनबाड़ी भवन मरम्मत अथवा नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

# राजस्व कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने उपमुख्यमंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कबीरधाम प्रवास के दौरान कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की जिला इकाई द्वारा तहसीलदारों एवं राजस्व अमले को फील्ड स्तर पर कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ द्वारा बताया गया कि सीमित कर्मचारी संसाधनों एवं तकनीकी उपकरणों की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। संघ ने आग्रह किया कि इन जमीनी समस्याओं के निराकरण से प्रशासनिक कार्यों में अधिक पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता लाई जा सकती है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों की सेवा भावना और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शासन आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

### कांवड़ यात्रा में उपयोगी साजो सामान की सजने लगी दुकाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में श्रावण मास में प्रारंभ होने वाला कांवड़ यात्रा को लेकर बाजार सजने लगा है। गौरतलब है कि का महीना शुरू होने वाला है और कांवड़ यात्रा भी 11 जुलाई से शुरू हो जाएगी, जिसे देखते हुए कवर्धा नगर के बाजार में कांवड़, गंगाजल ले जाने के लिए पात्र, और अन्य आवश्यक सामग्री जैसे- माला, चंदन, और धार्मिक वस्त्रों की दुकानें सज गई हैं। दुकानदारों के मुताबिक कांवड़ियों ने इन साजो सामान की खरीदी भी खुरू कर दी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में कांवड़ यात्रा एक बड़ा धार्मिक उत्सव है।

### सजने लगा सावन का बाजार...



**कवर्धा।** श्रावण मास में प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर नगर में सजने लगा बाजार।

### भारत मंडपम में नेशनल अवार्ड से सम्मानित होंगे हरीश साहू



**कवर्धा।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा 21 से 24 सितंबर 2025 तक अपने सिल्वर जुबली उत्सव का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन मे देशभर से अनेक सस्थाएं जो जनहित में अपनी सेवा दे रहे है ऐसे संस्था के प्रमुख को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिसमे नई चमक रक्तदान समिति के जिलाध्यक्ष हरीश साहू का नाम कवर्धा जिले से चयन किया गया है। यह कार्यक्रम 21 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया। गौरतलब है कि हरीश साहू कवर्धा जिले से प्रथम ऐसे व्यक्ति है जो जनसेवा के क्षेत्र मे 8 साल मे सबसे अधिक अवार्ड प्राप्त करने वाले युवा है, जिन्हे जिले से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक सम्मानित किया जा चुका है। हरीश साहू ने हर परिस्थिति मे अपने आप को सकरात्मक सोच के साथ जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इस अवार्ड के लिए हरीश साहू ने नई चमक रक्तदान समिति के सभी सदस्य, रक्तवीर, रक्तदाता, और कवर्धा जिले के समस्त जनमानस का आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी के सहयोग से ये सम्मान प्राप्त होने जा रहा है।

**मन की बात में पीएम ने आपातकाल के दौर की भयावहता को किया याद**

# बोड़ला भाजपा मंडल के 91 बूथों में सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



नगर के छह शक्ति केंद्रो समेत भाजपा मंडल बोड़ला के 91 बूथों में रविवार को पीएम मोदी की मन की बात की 123 वीं कड़ी सुनी गई। नगर के बूथ क्रमांक 63 से 68 तक छह बूथों में आम नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने मन की बात सुनी। नगर के बूथ क्रमांक 68 में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी की उपस्थिति में मन की बात सुनी गई। बूथ क्रमांक 64 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल की मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए आपातकाल के उस दौर की भयावहता की याद दिलाई जब तात्कालिक इंदिरा सरकार ने पूरे देश को जकड़ लिया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर जॉर्ज फर्नांडिस का खास तौर से जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, तीर्थ यात्राओं, भारत कोरोना मुक्त होने, देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने, अहिंसा सिल्क अपनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने देशवासियों को आपातकाल के उस दौर की भयावहता और संकट से अवगत कराने के लिए विभिन्न नेताओं के ऑडियो संदेशों को भी सुनाया। इनके जरिये उन्होंने उस समय के हालात को पेश किया। जब लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की गई थी। कार्यक्रम के दौरान बूथ क्रमांक 63 में मोहन धुर्वे मंडल अध्यक्ष भाजपा बोड़ला, बूथ प्रभारी सुनील मानिकपुरी, बूथ सह प्रभारी गोपाल तिलकवार, बूथ अध्यक्ष अमर सिंह पटेल, बूथ क्रमांक 64 में नितेश अग्रवाल जिला भाजपा उपाध्यक्ष, बूथ प्रभारी डॉ रुपनाथ मानिकपुरी, सह प्रभारी चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, बूथ अध्यक्ष लव निर्मलकर, बूथ क्रमांक 65 में बरसाती वर्मा जिला भाजपा उपाध्यक्ष, बूथ प्रभारी गौतम गुप्ता, सह प्रभारी मुकेश केसरवानी, बूथ अध्यक्ष राम कुमार डिंडोरे, बूथ क्रमांक 66 में काशीराम उइके पूर्व मंडल अध्यक्ष बोड़ला, बूथ प्रभारी डॉ प्रेमकांत मिश्रा, बूथ सह प्रभारी शिवम केसरवानी, बूथ अध्यक्ष मोहन कश्यप, बूथ क्रमांक 67 में विदेशी राम धुर्वे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, बूथ प्रभारी संदीप गुप्ता, बूथ सह प्रभारी सोमनाथ धुर्वे तथा बूथ अध्यक्ष सुखदास मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वीरांगना रानी दुर्गावती परिसर में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत जोराताल के न्यू कृषि उपज मण्डी तालपुर कवर्धा के सामने जिला गोंड़ समाज सेवा समिति द्वारा आरक्षित स्थल वीरांगना रानी दुर्गावती परिसर में स्वच्छता मिशन अंतर्गत व्यवसायिक कॉप्लेक्स का निर्माण 5.60 लाख रुपए की लागत किया जाना है, जिसकी भूमिपूजन किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद पंचायत सदस्य ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम जिला पंचायत सभापति, जनपद उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच ग्राम पंचायत जोराताल एवं स्थानीय वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया गया। उन्होने बताया कि व्यवसायिक कॉप्लेक्स निर्माण होने से नेशनल हाईवे पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि विजय पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे, सरपंच श्रीमती गायत्री धनिदास मानिकपुरी, प्रभुराम धुर्वे, धनीदास मानिकपुरी, जगन्नाथ मरकाम, संतोष धुर्वे, यशवंत मरकाम, धर्मेंद्र मानिकपुरी, घनश्याम पुडेटी, हेमंत जायसवाल बिहारी धुर्वे, रेखचंद धुर्वे, सनत मरकाम, अनिकेत धुर्वे आदि उपस्थित थे।